39

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

क्रमांकः ज.वि.प्रा./अति.मु.न.नि./बी.पी.सी.(बीपी)/2019/डी-1538 दिनांकः- 02/9/2019

-:कार्यवाही विवरण:-

विषयः- भवन मानचित्र समिति (बिल्डिंग प्लान) की 218वीं बैठक दिनांक 30.08.2019 को दोपहर 12.00 बजे जयपुर विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में चिन्तन कक्ष में आयोजित हुई, बैठक में उपस्थित सदस्यों के साथ विचार विमर्श कर निम्नवत निर्णय लिये गये। उपस्थित सदस्यों का विवरण परिशिष्ट-"1" पर है।

1. एजेण्डा नम्बर 218.1 (30.08.2019):-

विषयः- भवन मानचित्र समिति (बिल्डिंग प्लान) की 217वीं बैठक दिनांक 09.08.2019 को सम्पन्न हुई, 217वीं बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि एवं लिये गये निर्णयों के क्रियान्विति की समीक्षा।

निर्णयः- भवन मानचित्र समिति (बिल्डिंग प्लान) की दिनांक 09.08.2019 को सम्पन्न हुई 217वीं बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि एवं लिये गये निर्णयों के क्रियान्विति की समीक्षा की गई एवं कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

2. एजेण्डा नम्बर 218.2 (30.08.2019)(जोन-03):-

1.	विषय	कार्यालय भूखण्ड, राष्ट्रदूत, दैनिक समाचार पत्र, लालकोठी योजना, जयपुर के संशोधित भवन मानचित्र अनुमोदन बाबत्।
2.	आवेदक का नाम	श्री राजेश शर्मा, HUF कर्ता, राष्ट्रदूत दैनिक
3.	वास्तुविद का नाम	श्री विश्वनाथ शर्मा
4.	वास्तुविद का पंजीयन क्रमांक	सी.ए./75/1703
5.	भूखण्ड का क्षेत्रफल	2565.49 व.मी.
6.	भूखण्ड के सामने सडक की चौडाई	60 फीट, 60 फीट, 60 फीट एवं 20 फीट
7.	मास्टर प्लान 2025 अनुसार	संस्थानिक
8.	भूखण्ड का उपयोग	संस्थानिक
9.	स्वामित्व रिपोर्ट	नवीनतम स्वामित्व रिपोर्ट हेतु दिनांक 01.08.2019 (16/सी) को यू. ओ. नोट प्रेषित किया गया। रिपोर्ट अपेक्षित हैं।
10.	लेखा रिपोर्ट	नवीनतम लेखा रिपोर्ट हेतु दिनांक 01.08.2019 (16/सी) को यू.ओ. नोट प्रेषित किया गया। रिपोर्ट अपेक्षित हैं।
11.	मौका रिपोर्टः- मौके पर भूखण्ड पर द्वितीय बेसमेन्ट + प्रथम बेसमेन्ट + 03 तल तक भवन निर्मित हैं। भूखण्ड के सेटबैक मौके पर अनुमोदित भवन मानचित्रानुसार उपलब्ध हैं। भूखण्ड की पूर्वी-दक्षिणी कोने पर 5.40 मी. X 4.65 मी. का मीटर एवं पैनल रूम निर्मित हैं। मीटर एवं पैनल रूम के प्रथम तल पर दक्षिणी ओर आंशिक भाग में निर्माण किया हुआ हैं। भूखण्ड की दक्षिणी सीमा पर 12.20 X 3.40 मीटर अस्थाई टीनशेड़ निर्मित हैं।	
12.	प्रकरण के तथ्यः- प्रार्थी द्वारा हरी पत्रावली दिनांक 04.05.2016 को प्रस्तुत की गई। प्रकरण भवन मानचित्र समिति-बीपी की 185वीं बैठक दिनांक 01.08.2016 में प्रस्तुत किया जाकर सशर्त अनुमोदन किये जाने का निर्णय लिया गया। दिनांक 09.09.2016 को भवन मानचित्र अनुमोदित कर जारी किये गये। विकासकर्ता द्वारा दिनांक 25.07.2019 को संशोधित भवन मानचित्र अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये गये। संशोधित भवन मानचित्रों का तकनीकी विश्लेषण निम्नानुसार हैः-	

13.	तकनीकी विश्लेषण		जविप्रा के स्थल मानचित्रानुसार/ भवन विनियम अनुसार	दिनांक 15.07.2014 को अनुमोदित भवन मानचित्र अनुसार	आवेदक के प्रस्तावानुसार
	1.	सैटबैक	-		-
		सामने-I	12.0 मी.	12.19 मी.	12.19 मी.
		पार्श्व-I	9.0 मी.	9.14 मी.	9.14 मी.
		पार्श्व-II	9.0 मी.	9.14 मी.	9.14 मी.
		पीछे	6.0 मी.	6.10 मी.	6.10 मी.
	2.	अधिकतम आच्छादन	35 प्रतिशत	34.07 प्रतिशत (874.02 व.मी.)	34.51 प्रतिशत (885.30 व.मी.)
	3.	अधिकतम ऊँचाई	15 मीटर	14.90 मीटर	14.90 मीटर
	4.	एफ. ए. आर.	मानक 1.5 (3848.23 व.मी.)	1.14 (2915.67 व.मी.)	1.26 (3221.65 व.मी.)
	5	कुल सकल निर्मित क्षेत्रफल	-	6808.94 व.मी.	6900.38 व.मी.
	6	पार्किंग	54 ईसीयू 41 कार + 39 स्कूटर	84 ईसीयू 63 कार + 62 स्कूटर	85 ईसीयू 59 कार + 78 स्कूटर

	7	वर्षा जल संग्रहण	आवश्यक है।	नियमानुसार प्रस्तावित है।
	8	सौर ऊर्जा उपकरण	आवश्यक है।	नियमानुसार प्रस्तावित है।
	9	विकलांगों हेतु प्रावधान	आवश्यक है।	नियमानुसार प्रस्तावित है।

14. प्रस्तावः—

उपरोक्त तालिका में उल्लेखित तकनीकी विश्लेषण अनुसार निम्न शर्तो के अध्यधीन भवन मानचित्र अनुमोदन किये जाने योग्य हैः—

1. प्रस्तावित पार्किंग के प्रावधानों को सुनिश्चित किये जाने हेतु विकासकर्ता से एकीकृत भवन विनियम 2017 के अनुसार शपथ पत्र/अण्डरटेकिंग प्रस्तुत किये जावेगें।
2. लेबर सेस लेबर डिर्पाटमेन्ट में जमा करवाकर जमा रसीद की प्रति पूर्णता प्रमाण पत्र के समय प्रस्तुत किये जाने के संबंध में विकासकर्ता से शपथ पत्र लिया जावें।
3. उपायुक्त जोन से लेखा/स्वामित्व रिपोर्ट प्राप्त की जावें।
4. अनुमोदित भवन मानचित्र में पूर्वी–दक्षिणी कोने पर मीटर पैनल रूम (भूतल) अनुमोदित किया गया था। मौके पर निर्मित मीटर पैनल रूम (5.40 भीटर X 4.65 मीटर) के प्रथम तल पर दक्षिणी भाग में निर्माण किया हुआ हैं, जो कि भवन विनियमानुसार अनुज्ञेय नहीं हैं। अतः मीटर पैनल रूम के प्रथम तल के निर्माण को हटाने के उपरान्त ही मानचित्र जारी किया जाना प्रस्तावित हैं।
5. मौके पर भूखण्ड के दक्षिणी सीमा पर 12.20 मी. X 3.40 मीटर अस्थाई टीनशेड़ निर्मित हैं जिसको हटाने के संबंध में अण्डरटेकिंग ली जावें।
6. विकासकर्ता द्वारा पूर्व में स्वीकृत मानचित्रों से अतिरिक्त 93.66 व.मी. का निर्माण बिना अनुमति के कर लिया गया। अतः बिना स्वीकृति के किये गये अतिरिक्त निर्माण की बिना अनुमति निर्माण शास्ति ली जावें।
7. मौके पर तृतीय तल पर प्रस्तावित सर्विसेज हेतु निर्मित कमरें को बालकनी से प्रवेश प्राप्त होता हैं, जिसके संबंध में निर्णय लिया जाना अपेक्षित हैं।
8. नियमानुसार समस्त राशि विकासकर्ता से ली जावेंगी।

निर्णयः— *प्रस्तावित भवन मानचित्रों एवं पत्रावली का समिति द्वारा अवलोकन किया गया तथा एजेण्डा के बिन्दु संख्या 14 के प्रस्ताव में उल्लेखित शर्त संख्या 4 के संबंध में समिति के सदस्य सचिव द्वारा अवगत करवायां गया कि विकासकर्ता द्वारा मौके पर से प्रथम तल पर अनाधिकृत निर्माण को हटा लिया गया है।*

अतः एजेण्डा के बिन्दु संख्या 14 के प्रस्ताव में उल्लेखित शर्त संख्या 7 में उल्लेखित तथ्य "मौके पर तृतीय तल पर प्रस्तावित सर्विसेज हेतु निर्मित कमरें को बालकनी से प्रवेश प्राप्त होता हैं", को समिति द्वारा स्वीकार कर यह तथ्य नोट किया गया कि एजेण्डा के बिन्दु संख्या–13 में उल्लेखित तकनीकी विश्लेषण अनुसार भवन मानचित्र अनुमोदन योग्य है तथा एजेण्डा के बिन्दु संख्या–14 के प्रस्ताव में उल्लेखित शर्त संख्या 1, 2, 5, 6 एवं 8 की सुनिश्चितता करते हुए भवन मानचित्रों का अनुमोदन किये जाने एवं जोन से लेखा/स्वामित्व रिपोर्ट प्राप्त कर भवन मानचित्रों का जारी किये जाने का निर्णय लिया गया।

अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक,
भवन मानचित्र समिति (बी.पी.),
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

3. एजेण्डा नम्बर 218.3 (30.08.2019)(जोन–07):–

1.	विषय	खसरा नम्बर 30 व 36, ग्राम गिरधारीपुरा, तहसील सांगानेर, जयपुर के मुख्यमंत्री जन आवास योजना के अन्तर्गत संशोधित भवन मानचित्र अनुमोदन बाबत्।
2	आवेदक का नाम	श्री रविन्द्र प्रतापसिंह, जरिये पार्टनर, मैसर्स रवि सूर्या अफोर्डेबल होम्स
3.	वास्तुविद का नाम	श्री अंकित ठोलिया
4.	वास्तुविद का पजीयन क्रमाक	सी.ए./2012/57066
5.	मूल भूखण्ड का क्षेत्रफल	14516.17 वर्गमीटर (प्रस्तावित 30 मीटर सेक्टर सड़क में समर्पित निःशुल्क भूमि = 643.26 वर्गमीटर)
6.	भूखण्ड के सामने सडक की चौडाई	30 मीटर
7.	भूखण्ड का उपयोग	आवासीय (मुख्यमंत्री जन आवास योजना के प्रावधान 3ए के अन्तर्गत)
8.	स्वामित्व रिपोर्ट	जोन की रिपोर्ट दिनांक 08.05.2019 (पृष्ठ संख्या 116/सी) के अनुसार स्वामित्व आवेदक के नाम है।
9.	लेखा रिपोर्ट	जोन की रिपोर्ट दिनांक 08.05.2019 (पृष्ठ संख्या 116/सी) के अनुसार देय समस्त राशि जमा है।

10. **मौका रिपोर्टः–**
मौके पर भूखण्ड़ पर निर्माण कार्य निम्न प्रकार से किया हुआ हैं:–
ए ब्लॉकः– मिट्टी खुदाई का कार्य किया हुआ हैं। आंशिक भाग में फुटिंग की हुई हैं।
बी ब्लॉकः– बेसमेन्ट + भूतल + 5 तल
सी ब्लॉकः– बेसमेन्ट + भूतल + 4 तल
डी ब्लॉकः– प्लिन्थ बीम कॉलम का कार्य किया हुआ हैं।
ई ब्लॉकः– मिट्टी खुदाई का कार्य किया हुआ हैं।
एफ ब्लॉकः– स्टिल्ट + 4 तल
जी ब्लॉकः– स्टिल्ट + 4 तल
भवन मानचित्र में दर्शित ग्रीन क्षेत्र व बी ब्लॉक के सामने बेसमेन्ट निर्मित हैं।

11. **प्रकरण के तथ्यः–**
प्रकरण भवन मानचित्र समिति–बीपी की 207वीं बैठक दिनांक 20.11.2018 में प्रस्तुत किया जाकर 15 मीटर ऊँचाई तक के भवन मानचित्र अनुमोदन किये जाने का निर्णय लिया गया। दिनांक 18.02.2019 को 15 मीटर ऊँचाई तक के भवन मानचित्र अनुमोदित कर जारी किये गये।
प्रार्थी द्वारा दिनांक 04.04.2019 को संशोधित भवन मानचित्र प्रस्तुत किये गये। प्रकरण भवन मानचित्र समिति–बीपी की 214वीं बैठक दिनांक 14.06.2019 में प्रस्तुत कर सशर्त 27.28 मीटर ऊँचाई (बेसमेन्ट + स्टिल्ट + भूतल + 8 तल) के भवन मानचित्र दिनांक 12.07.2019 को जारी किये गये।
विकासकर्ता द्वारा दिनांक 29.07.2019 को ब्लॉक ए (भूतल + 12 तल) व बी ब्लॉक (बेसमेन्ट + भूतल + 12 तल), सी ब्लॉक (बेसमेन्ट + भूतल + 7 तल), डी, एफ व जी ब्लॉक (भूतल + 7 तल) एवं ई ब्लॉक में (भूतल + 2 तल) के संशोधित भवन मानचित्र प्रस्तुत किये गये, जिनका तकनीकी परीक्षण निम्नानुसार हैं:–

12.	तकनीकी विश्लेषण		जविप्रा के स्थल मानचित्रानुसार/मुख्यमंत्री जन आवास योजना के प्रावधान एवं एकीकृत भवन विनियम 2017 अनुसार	दिनांक 12.07.2019 को अनुमोदित मानचित्रानुसार	आवेदक के प्रस्तावानुसार
	1.	सैटबैक			
		सामने–I	15.0 मी.	15.0 मी.	15.0 मी.
		पार्श्व–I	6.0 मी.	6.10 मी.	6.10 मी.
		पार्श्व–II	6.0 मी.	6.10 मी.	6.10 मी.
		पीछे	6.0 मी.	6.10 मी.	6.10 मी.
	2.	अधिकतम आच्छादन	50 प्रतिशत	40.71 प्रतिशत	40.71 प्रतिशत
	3.	अधिकतम ऊँचाई	60 मीटर (मुख्यमंत्री जन आवास योजना के प्रावधानानुसार) एवं 117 मीटर (C.C.Z.M. अनुसार)	27.28 मीटर	39.11 मीटर
	4.	बी. ए. आर.	मानक 3.375 + 643.26 व.मी. (सड़क मार्गाधिकार में समर्पित भूमि) = 49635.33 व.मी. (3.419), अधिकतम बेटरमेन्ट लेवी सहित 6.75	3.32 (48,195.60 वर्गमीटर)	3.33 (48386.59 वर्गमीटर)

	5	कुल सकल निर्मित क्षेत्रफल	—	59,848.47 व.मी.	60,033.66 वर्गमीटर
	6.	EWS/LIG फ्लैट्स की संख्या	न्यूनतम 20 प्रतिशत— EWS हेतु	ई.डब्ल्यू.एस.=176 फ्लैट्स (21.78%) एल.आई.जी.=632 फ्लैट्स (78.22%) कुल = 808 फ्लैट्स	ई.डब्ल्यू.एस.= 154 फ्लैट्स (20.34%) एल.आई.जी.=603 फ्लैट्स (79.66%) कुल = 757 फ्लैट्स
	7.	पार्किंग	11 कार + 1372 स्कूटर	11 कार + 1452 स्कूटर	11 कार + 1372 स्कूटर
	8	ग्रीन एरिया	15 प्रतिशत व 20 प्रतिशत (पोडियम सहित)	2180.00 व.मी. (15 प्रतिशत पोडियम पर) 726.63 व.मी. (5 प्रतिशत भूतल पर) = 2906.63 वर्गमीटर (20 प्रतिशत)	2180.00 व.मी. (15 प्रतिशत पोडियम पर) 726.63 व.मी. (5 प्रतिशत भूतल पर) = 2906.63 वर्गमीटर (20 प्रतिशत)
	9	व्यावसायिक (रिटेल)	5 प्रतिशत (न्यूनतम 1 प्रतिशत या 1000 वर्गमीटर जो भी अधिक हो)	1.72 प्रतिशत (830.30 व.मी.)	1.72 प्रतिशत (830.30 व.मी.)
	10.	क्लब एरिया	गणना योग्य निर्मित क्षेत्र का 1 प्रतिशत या 750 वर्गमीटर (जो भी अधिक हो) अधिकतम 5 प्रतिशत	1609.48 व.मी. (3.34 प्रतिशत)	1609.48 वर्ग मीटर (3.32 प्रतिशत)
	11	वर्षा जल संग्रहण	आवश्यक है।		नियमानुसार प्रस्तावित है।
	12	सौर ऊर्जा उपकरण	आवश्यक है।		नियमानुसार प्रस्तावित है।
	13	विकलांगों हेतु प्रावधान	आवश्यक है।		नियमानुसार प्रस्तावित है।
	14	पर्यावरण प्रमाण पत्र	आवश्यक है।		प्रस्तुत हैं। (पृष्ठ संख्या 104/सी—114/सी)
13.	प्रस्तावः— उपरोक्त तालिका में उल्लेखित तकनीकी विश्लेषण अनुसार निम्न शर्तों के अध्यधीन भवन मानचित्र अनुमोदन किये जाने योग्य हैं:— 1. प्रस्तावित पार्किंग, भवन में भूकम्परोधी प्रावधानों की पालना सुनिश्चिता एवं स्ट्रक्चरल सेफ्टी के प्रावधानों की पालना सुनिश्चित किये जाने हेतु एकीकृत भवन विनियम 2017 एवं नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुसार अण्डरटेकिंग प्रस्तुत की जानी होगी। 2. अग्निशमन संबंधी आवश्यक मानदण्ड़ों की अनुपालना सुनिश्चित किये जाने बाबत शपथ पत्र तथा लेबर सेस लेबर डिर्पाटमेन्ट में जमा करवाकर जमा रसीद की प्रति पूर्णता प्रमाण पत्र के समय प्रस्तुत की जानी होगी। 3. नियमानुसार समस्त राशि विकासकर्ता से ली जावें।				

<u>निर्णयः</u>— *संशोधित भवन मानचित्रों एवं पत्रावली का समिति द्वारा अवलोकन किया गया एवं यह तथ्य नोट किया गया कि एजेण्डा के बिन्दु संख्या—12 में उल्लेखित तकनीकी विश्लेषण अनुसार भवन मानचित्र अनुमोदन योग्य है तथा एजेण्डा के बिन्दु संख्या—13 के प्रस्ताव में उल्लेखित शर्तो के साथ निम्न शर्त की सुनिश्चितता किये जाने के दृष्टिगत भवन मानचित्रों का अनुमोदन किये जाने का निर्णय लिया गयाः—*

1. प्रकरण संशोधित भवन मानचित्रों के अनुमोदन का होने के कारण राजस्थान रियल एस्टेट (डवलपमेन्ट एण्ड रेगूलेशन) रूल्स 2017 (यदि परियोजना रेरा में पंजीकृत हैं तो) से संबंधित नियमों की पालना विकासकर्ता के स्तर पर सुनिश्चित की जानी होगी एवं उक्त शर्त का उल्लेख स्वीकृति पत्र में किया जावें।

अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक,
भवन मानचित्र समिति (बी.पी.),
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

4. एजेण्डा नम्बर 218.4 (30.08.2019)(जोन–08):–

1.	विषय	खसरा नम्बर 107, 108, 109, 110, 112, ग्राम रामसिंहपुरा उर्फ रामपुरा, तहसील सांगानेर, जयपुर के प्रस्तावित प्रधानमंत्री जन आवास योजना के संशोधित भवन मानचित्र अनुमोदन बाबत्।
2.	आवेदक का नाम	श्री सतवीर चौधरी, निदेशक, उदयराज पैलेस प्रा.लि.।
3.	वास्तुविद का नाम	श्री रिकी माथुर
4.	वास्तुविद का पंजीयन क्रमांक	सी.ए./24247
5.	भूखण्ड का क्षेत्रफल	11333.80 व.मी. + 1743.49 व.मी. 200 फीट सेक्टर रोड़ हेतु समर्पित भूमि
6.	भूखण्ड के सामने सड़क की चौडाई	60 मीटर
7.	मास्टर विकास योजना 2025 के अनुसार भू–उपयोग	आवासीय
8.	भूखण्ड का उपयोग	आवासीय
9.	स्वामित्व रिपोर्ट	जोन की रिपोर्ट दिनांक 01.07.2019 (पृष्ठ संख्या 139/सी) के अनुसार स्वामित्व आवेदक के नाम है।
10.	लेखा रिपोर्ट	जोन की रिपोर्ट दिनांक 01.07.2019 (पृष्ठ संख्या 139/सी) के अनुसार समस्त देय राशि जमा है।

11. **मौका रिपोर्टः–**
मौका रिपोर्ट दिनांक 03.07.2019 के अनुसार ए ब्लॉक में बी + एस + 9 तल, बी ब्लॉक में बी + एस + 3 तल तथा सी ब्लॉक में बी + एस तक छतें डाली जा चुकी हैं। निर्मित भवन के सेटबैक अनुमोदित भवन मानचित्र अनुसार उपलब्ध हैं।
विकासकर्ता द्वारा प्रस्तावित Split location पर प्रस्तावित ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी. फ्लैट्स का मौके पर स्ट्रक्चर निर्मित हैं। आन्तरिक फिनिशिंग का कार्य चल रहा हैं।

12. **प्रकरण के तथ्यः–**
प्रकरण भवन मानचित्र समिति–बीपी की 196वीं बैठक दिनांक 05.09.2017 में प्रस्तुत किया जाकर सशर्त अनुमोदन किये जाने का निर्णय लिया गया। दिनांक 15.09.2017 को बेसमेन्ट + स्टिल्ट + 12 मंजिल (40 मीटर ऊँचाई) के भवन मानचित्र जारी किये गये। विकासकर्ता द्वारा दिनांक 02.04.2019 व 24.06.2019 को योजना के संशोधित भवन मानचित्र प्रस्तुत किये गये हैं। प्रस्तावित संशोधित भवन मानचित्रों का वास्तुविद् के साथ दिनांक 09.07.2019 को परीक्षण किया गया तथा भवन मानचित्रों में पाई गई कमियों से अवगत करवाया गया। वास्तुविद् द्वारा दिनांक 16.07.2019 को संशोधित भवन मानचित्र प्रस्तुत किये गये। योजना का अनुमोदन पूर्व में भवन विनियम 2010 एवं संशोधित अनुसार हुआ हैं तथा मौका रिपोर्ट अनुसार सभी ब्लॉक्स का निर्माण हो चुका हैं। अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तावित संशोधित भवन मानचित्रों का परीक्षण भवन विनियम 2010 एवं संशोधित अनुसार किया गया हैं। विकासकर्ता द्वारा पूर्वानुसार ही बेसमेन्ट + स्टिल्ट + 12 मंजिल (40 मीटर ऊँचाई) के भवन मानचित्र प्रस्तुत किये गये है। केवल एक ब्लॉक के पिल्लर्स की स्थिति में परिवर्तन होने के कारण एफ.ए.आर. कम हुआ है। पूर्व में विकासकर्ता द्वारा समस्त प्रकार के शपथ/अण्डरटेकिंग यथाः– पार्किंग, भूकम्परोधी, स्ट्रक्चरल, लेबर सेस एवं वांछित अनापत्ति प्रमाण पत्र पूर्व में प्रस्तुत किये जा चुके हैं। अतः प्रस्तुत भवन मानचित्रों का तकनीकी विश्लेषण निम्नानुसार हैः–

13	तकनीकी विश्लेषण		जविप्रा के स्थल मानचित्रानुसार/भवन विनियम 2010 के अनुसार	दिनांक 15.09.2017 को अनुमोदित मानचित्रानुसार	आवेदक के प्रस्तावानुसार
	1.	सैटबैक			
		सामने–I	60'–00"	18.0 मीटर	18.29 मीटर
		पार्श्व–I	30'–00"	9.14 मीटर	9.14 मीटर
		पार्श्व–II	30'–00"	9.14 मीटर	9.14 मीटर
		पीछे	30'–00"	9.14 मीटर	9.14 मीटर
	2.	अधिकतम आच्छादन	35 प्रतिशत	29.11 प्रतिशत (3299.54 व.मी.)	29.33 प्रतिशत (3323.85 व.मी.)
	3.	अधिकतम ऊँचाई	108 मीटर (भवन विनियम), 110 मीटर C.C.Z.M. के अनुसार	39.995 मीटर (बी + एस + 12 तल)	39.995 मीटर (बी + एस + 12 तल)
	4.	एफ. ए. आर.	मानक 1.33 + 0.5 (EWS/LIG का प्रोत्साहन एफ.ए.आर.) + 1743.49 (सेक्टर रोड़ में समर्पित भूमि), अधिकतम बेटरमेन्ट लेवी सहित 'असीमित'	32602.42 – 1743.49 = 30858.93 (2.72)	(32407.65 – 1743.49 = 30664.16 (2.70)
	5.	पार्किंग	544.73 ईसीयू 409 कार + 409 स्कूटर	562 ईसीयू 421 कार + 423 स्कूटर	576 ईसीयू 423 कार +

ज्ञ८१

44

					457 स्कूटर
	6.	व्यावसायिक (रिटेल)	अधिकतम 3 प्रतिशत	240.07 व.मी.	1.70 प्रतिशत (553.42 व.मी.)
	7.	ई.डब्ल्यू.एस. / एल.आई.जी. क्षेत्रफल	2430.57 व.मी.	2445.18 व.मी.	2445.18 व.मी.
	8.	क्लब एरिया	एफ.ए.आर. क्षेत्र के अतिरिक्त 5 प्रतिशत तक अनुज्ञेय हैं।	1208.94 वर्ग मीटर	3.61 प्रतिशत 1171.46 व.मी.
	9.	ग्रीन एरिया	20 प्रतिशत (न्यूनतम ओपन में 5 प्रतिशत)	पोडियम 1427.75 व.मी. (12.59%) खुले में 851.04 व.मी. (7.50%) कुल 2278.79 व.मी. (20.10%)	पोडियम 1834.94 व.मी. (16.18%) खुले में 575.45 व.मी. (5.07%) कुल 2410.39 व.मी. (21.26%)
	10	कुल सकल निर्मित क्षेत्रफल		58182.04 व.मी.	57980.49 व.मी.
	11	वर्षा जल संग्रहण	आवश्यक है।		नियमानुसार प्रस्तावित है।
	12	सौर ऊर्जा उपकरण	आवश्यक है।		नियमानुसार प्रस्तावित है।
	13	विकलांगों हेतु प्रावधान	आवश्यक है।		नियमानुसार प्रस्तावित है।

14\. प्रस्तावः—

उपरोक्त तालिका में उल्लेखित तकनीकी विश्लेषण अनुसार निम्न शर्तो के अध्यधीन भवन मानचित्र अनुमोदन किये जाने योग्य हैं:—

1. राजस्थान रियल एस्टेट (डवलपमेन्ट एण्ड रेगूलेशन) रूल्स 2017 (यदि परियोजना रेरा में पंजीकृत हैं तो) से संबंधित नियमों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।
2. बढ़े हुए व्यावसायिक क्षेत्रफल व अन्य जाँच एवं अनुमोदन शुल्क आदि की संशोधित मानचित्र हेतु नियमानुसार समस्त राशि विकासकर्ता से ली जावेगी।

निर्णयः— *संशोधित भवन मानचित्रों एवं पत्रावली का समिति द्वारा अवलोकन किया गया एवं यह तथ्य नोट किया गया कि एजेण्डा के बिन्दु संख्या—13 में उल्लेखित तकनीकी विश्लेषण अनुसार भवन मानचित्र अनुमोदन योग्य है तथा एजेण्डा के बिन्दु संख्या—14 के प्रस्ताव में उल्लेखित शर्त संख्या 2 व इसके साथ निम्न शर्त की सुनिश्चितता किये जाने के दृष्टिगत भवन मानचित्रों का अनुमोदन किये जाने का निर्णय लिया गयाः—*

1. *प्रकरण संशोधित भवन मानचित्रों के अनुमोदन का होने के कारण राजस्थान रियल एस्टेट (डवलपमेन्ट एण्ड रेगूलेशन) रूल्स 2017 (यदि परियोजना रेरा में पंजीकृत हैं तो) से संबंधित नियमों की पालना विकासकर्ता के स्तर पर सुनिश्चित की जानी होगी एवं उक्त शर्त का उल्लेख स्वीकृति पत्र में किया जावें।*

अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक,
भवन मानचित्र समिति (बी.पी.),
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

5. एजेण्डा नम्बर 218.5 (30.08.2019)(जोन–09):–

विषयः– खसरा नम्बर 312 से 315, 317, 319, 320, 321, ग्राम चक गैटोर, तहसील सांगानेर, जयपुर (महिमा पनाश) के संशोधित भवन मानचित्र अनुमोदन एवं पूर्णता प्रमाण पत्र के संबंध में।

प्रार्थीः– श्री कपिल रायसिंगानी, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, मैसर्स ईरोज वाटिका जयपुर प्रा.लि.।

प्रकरण में विकासकर्ता द्वारा दिनांक 03.12.2018 को पूर्णता प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया गया। पूर्णता प्रमाण पत्र की जांच हेतु पत्रावली दिनांक 01.01.2019 को उपायुक्त जोन–02 को भिजवाई गई। गठित कमेटी द्वारा प्रेषित रिपोर्ट दिनांक 23.04.2019 में मौके पर सौर ऊर्जा की व्यवस्था नहीं होने का उल्लेख किया गया। प्रार्थी द्वारा दिनांक 20.05.2019 को अवगत कराया गया कि उनके द्वारा टैरेस तल पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर दिये गये हैं जिसकी जाँच हेतु पत्रावली पुनः जोन को प्रेषित करने पर जोन से रिपोर्ट दिनांक 13.06.2019 को प्राप्त हुई। जोन से प्राप्त संशोधित रिपोर्ट निम्नानुसार हैं जिसके अनुसार प्रार्थी द्वारा मौके पर सौर ऊर्जा की व्यवस्था कर दी गई हैं:–

क्र.सं.	विवरण	स्वीकृत भवन मानचित्र के अनुसार विवरण	मौका स्थिति निरीक्षण दिनांक
1.	भूखण्ड का क्षेत्रफल	14540.86 वर्गमीटर	14540.86 वर्गमीटर
2.	भवन का उपयोग	आवासीय	आवासीय
3.	सेटबैक विवरण (वर्गमीटर में):–		
	सामने–I	18.30 मीटर	21.59 मीटर
	पार्श्व–I	13.03 मीटर	13.03 मीटर
	पार्श्व–II	13.03 मीटर	13.03 मीटर
	पीछे	13.03 मीटर	13.03 मीटर
4.	ग्राउण्ड कवरेज	4643.91	4643.91
5.	भवन की ऊँचाई (मीटर में)	44.95 मीटर	44.95 मीटर
6.	पार्किंग (ईसीयू)	656 ईसीयू	656 ईसीयू
7.	बेसमेन्टों की संख्या	1	1
8.	कट आउट खुला क्षेत्र	27.31 व.मी.	27.31 व.मी.
9.	स्वीकृत एफ.ए.आर.	39181.73 व.मी.	39199.97 व.मी.
10.	वर्षा के पानी की व्यवस्था	हां	हां
11.	अग्निशमन की संख्या	हां	हां
12.	सौर ऊर्जा की व्यवस्था	हां	हां
13.	सूचना पट्ट	हां	हां
14.	हरित क्षेत्र	2908.16 व.मी.	2926.86 व.मी.

जोन से प्राप्त उपरोक्त रिपोर्ट के बिन्दु संख्या–9 के अनुसार मौके पर स्वीकृत एफ.ए.आर से 18.24 व.मी का एफ.ए.आर अधिक है। विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत संशोधित मानचित्रों अनुसार 18.24 व.मी. एफ.ए.आर की वृद्वि, स्टील्ट फ्लोर पर निशक्तजन के टॉयलेट (0.90 व.मी) व टावर सी के प्रथम तल में डबल हाईट के तल पर एक ऑफिस (17.48 व.मी) बनाने से हुई है। अतिरिक्त एफ.ए.आर. के एवज में एक अतिरिक्त कार की पार्किंग उपलब्ध करवाई गई हैं। विकासकर्ता द्वारा लेबर सेस जमा के संबंध में श्रम विभाग के आदेश दिनांक 05.12.2016 की प्रति प्रस्तुत की गई हैं जिससे लेबर सेस जमा होने की पुष्टि होती हैं। विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत स्थाई अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र दिनांक 04.05.2019 तक वैद्य था, जिसे नवीनीकरण कराकर प्रस्तुत कर दी गई है।

विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत संशोधित भवन मानचित्रों का विश्लेषण निम्नानुसार है :–

तकनीकी विश्लेषण		भवन विनियम 2010 के अनुसार	बीपीसी–बीपी की 199वीं बैठक दिनांक 05.12.2017 के अनुमोदित एवं दिनांक 05.1.2018 को जारी	आवेदक के प्रस्तावानुसार
1.	सैटबैक			
	सामने–I	18.00	18.30 मी.	21.59 मीटर
	पार्श्व–I	13.00	13.03 मी.	13.03 मीटर
	पार्श्व–II	13.00	13.03 मी.	13.03 मीटर
	पीछे	13.00	13.03 मी.	13.03 मीटर
2.	अधिकतम आच्छादन	35.00प्रतिशत	23.49 प्रतिशत	23.73 प्रतिशत
3.	अधिकतम ऊँचाई	90.00 मीटर	44.95 मी. बेसमेन्ट + स्टिल्ट + 14 तल	44.95 मी. बेसमेन्ट + स्टिल्ट + 14 तल
4.	एफ. ए. आर.	1.8 एवं बेटरमेन्ट लेवी 3.25	2.694 (39181.73 व.मी.)	2.695 (39199.97 व.मी.)
5	पार्किंग	656 ईसीयू		655.67 ईसीयू

46

		491 कार + 495 दुपहिया वाहन		492 कार + 491 दुपहिया वाहन
6	व्यावसायिक (रिटेल)	अधिकतम 3 प्रतिशत	169.30 व.मी (0.43%)	153.83 व.मी (0.39%)
7	क्लब एरिया	एफएआर का 5 प्रतिशत	1053.95 वगमी. (2.68%)	1121.37 वगमी. (2.86%)
9	ग्रीन एरिया	पोडियम 10.00% खुले में 5.00%	पोडियम 2196.59 (15.01%) खुले में 730.51 (5.02%)	पोडियम 2197.96 (15.11%) खुले में 728.90 (5.01%)

प्रस्ताव :– भवन में यद्यपि अतिरिक्त निर्माण बिना स्वीकृति के किया गया हैं, तथापि किया गया निर्माण भवन विनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत ही हैं। D.B. Civil Writ No. 1554/2004 गुलाब कोठारी बनाम राज्य सरकार पर माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय दिनांक 15.12.2018 के बिन्दु संख्या (d) में निम्नानुसार निर्देश दिये गये हैं:– The prayer for modification of directions no.(xx) & (xxi) so as to permit compounding of unauthorised constructions violating the building line and the set back norms laid down under the Building Byelaws or otherwise by the concerned local authority, in terms of Rules of 1966, is declined. It is clarified that only the deviations from the building plan duly sanctioned, which in no manner otherwise violate the norms laid down under the Building Byelaws regulating the constructions in the local area could be permitted to be compounded and not the deviations which affect the rights of other inhabitants settled in the local area, such as, height of the building, projections, set backs, absence of parking area etc.

माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के क्रम में प्रश्नगत प्रकरण में किया गया अतिरिक्त निर्माण compoundable हैं अतः किये गये अतिरिक्त निर्माण की बिना स्वीकृति निर्माण की शास्ति लेते हुए पूर्णता प्रमाण पत्र व संशोधित भवन मानचित्रों को निम्न शर्तों के अध्याधीन जारी किया जा सकता है।

1. पूर्व के स्वीकृत एफ.ए.आर में 18.38 व.मी. अतिरिक्त एफ.ए.आर की वृद्वि हो रही है, अतः 18.38 व.मी अतिरिक्त (18.38 X 1.5 = 27.57 व.मी. बी.ए.आर.) निर्माण अनुज्ञेय (बेटरमेन्ट लेवी सहित) 3.25 एफ.ए.आर के अन्तर्गत ही है अतः बेटरमेन्ट लेवी लेय होगी।
2. विकासकर्ता द्वारा एफ.ए.आर. के साथ संशोधित भवन मानचित्र प्रस्तुत किये गये हैं। अतः नियमानुसार संशोधित भवन मानचित्रों हेतु मांग राशि विकासकर्ता द्वारा देय होगी।
3. पूर्व में विकासकर्ता द्वारा पर्यावरण विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिनांक 13.12.2016 (CTE) को भवन मानचित्र अनुमोदन के समय प्रस्तुत की गई थी। अतः अब पर्यावरण विभाग से परियोजना पूर्ण होने पर Consent to operate लिया जाना प्रस्तावित हैं।
4. राजस्थान रियल एस्टेट (डवलपमेन्ट एण्ड रेगूलेशन) रूल्स 2017 (यदि परियोजना रेरा में पंजीकृत हैं तो) से संबंधित नियमों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

<u>निर्णय</u>:– *संशोधित भवन मानचित्रों एवं पत्रावली का समिति द्वारा अवलोकन किया गया एवं यह तथ्य नोट किया गया कि प्रस्ताव में उल्लेखित शर्त संख्या 1, 2, 3 व इसके साथ निम्न शर्तो की सुनिश्चितता किये जाने के दृष्टिगत संशोधित भवन मानचित्रों एवं पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किये जाने का निर्णय लिया गया:–*

1. *बिना अनुमति किये गये निर्माण की नियमानुसार शास्ति ली जावें।*
2. *प्रकरण संशोधित भवन मानचित्र अनुमोदन का होने के कारण राजस्थान रियल एस्टेट (डवलपमेन्ट एण्ड रेगूलेशन) रूल्स 2017 (यदि परियोजना रेरा में पंजीकृत हैं तो) से संबंधित नियमों की पालना सुनिश्चित करने का उल्लेख स्वीकृति पत्र में दिया जावें।*

अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक,
भवन मानचित्र समिति (बी.पी.),
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

6. एजेण्डा नम्बर 218.6 (30.08.2019)(जोन–09):–

1.	विषय	नीलामी के भूखण्ड संख्या एस–22, सेन्ट्रल स्पाईन, जगतपुरा, जयपुर के प्रस्तावित ग्रुप हाउसिंग के संशोधित भवन मानचित्र अनुमोदन बाबत्।
2.	आवेदक का नाम	एस.वी. चैम्बर, (प्रो.) श्रीमती नीता जगतानी
3.	वास्तुविद का नाम	श्री रविन्द्र कुमार
4.	वास्तुविद का पंजीयन क्रमांक	सी.ए./2001/28578
5.	भूखण्ड का क्षेत्रफल	7800.00 वर्गमीटर
6.	भूखण्ड के सामने सड़क की चौडाई (जविप्रा के स्थल मानचित्रानुसार)	24 मीटर व 24 मीटर की दो सड़कें है।
7.	मास्टर विकास योजना 2025 के अनुसार भू–उपयोग	आवासीय
8.	भूखण्ड का उपयोग	आवासीय
9.	स्वामित्व रिपोर्ट	जोन की रिपोर्ट दिनांक 20.08.2019 (पृष्ठ संख्या 88/सी) के अनुसार स्वामित्व आवेदक के नाम है तथा पृष्ठ संख्या 88/सी के अनुसार भवन निर्माण अवधि दिनांक 17.10.2019 तक बढ़ाई जा चुकी हैं।
10.	लेखा रिपोर्ट	जोन की रिपोर्ट दिनांक 20.08.2019 (पृष्ठ संख्या 88/सी) के अनुसार भूखण्ड के पेटे पुर्नग्रहण शुल्क लेय नहीं हैं।
11.	**मौका रिपोर्टः–** भूखण्ड की सीमाओं की मौके पर चार दीवारी निर्मित हैं। भूखण्ड के अन्दर साईट ऑफिस, स्टोर (टीनशेड़) निर्मित हैं। शेष भूखण्ड रिक्त हैं। जारी साईट प्लान में दर्शित भूखण्ड के पश्चिमी एवं दक्षिणी सीमा पर दर्शित 24 मीटर सड़क निर्मित हैं।	
12.	**प्रकरण के तथ्यः–** विकासकर्ता द्वारा प्रश्नगत भूखण्ड नीलामी में क्रय किया गया हैं, जिसकी लीजडीड दिनांक 26.03.2008 को जारी की गई। विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत ग्रुप हाउसिंग के भवन मानचित्र समिति–बीपी की 144वीं बैठक दिनांक 03.09.2013 में प्रस्तुत किया गया जिसमें शर्त संख्या 2 में निम्नानुसार निर्णय लिया गयाः– "प्रश्नगत भूखण्ड वर्ष 2008 में नीलामी से क्रय किया गया है, नीलामी की शर्तो में EWS/LIG के प्रावधानों को सुनिश्चित किये जाने का कोई उल्लेख नहीं है, चूंकि आवेदक द्वारा भवन विनियम 2010/2011 के विनियम 19.5 का लाभ एफ.ए.आर. व ऊँचाई में प्रस्तावित किया है ऐसी दशा में अतिरिक्त एफ.ए.आर. बाबत् अर्फोडेबल हाउसिंग पॉलिसी 2009 के अनुसार EWS/LIG का प्रावधान करवाया जाना है अथवा नहीं, राज्य सरकार से मार्गदर्शन प्राप्त किया जावे।" उपरोक्त शर्त संख्या 2 के क्रम में राज्य सरकार को पत्र दिनांक 18.09.2013 प्रेषित किया गया। राज्य सरकार द्वारा संदर्भित पत्र के क्रम में दिनांक 04.10.2013 को निम्नानुसार राय प्रस्तुत की गईः– *"——चूंकि आवेदक द्वारा वर्तमान प्रचलित भवन विनियमों के मानदण्ड का लाभ लिया जा रहा हैं ऐसी स्थिति में प्रचलित भवन विनियमों के अन्य मानदण्ड भी लागू किये जाने की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती हैं।"* राज्य सरकार से प्राप्त उपरोक्त मार्गदर्शन अनुसार विकासकर्ता को ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी. का प्रावधान करने हेतु सूचित किया गया। विकासकर्ता द्वारा मैसर्स रिजेन्सी बिल्ड होम एलएलपी से एल.आई.जी. के कुल 5 फ्लैट्स (202.85 व.मी.) एवं ई.डब्ल्यू.एस. के कुल 7 फ्लैट्स (183.19 व.मी.) क्रय किये गये जिनका कुल क्षेत्रफल 386.04 वर्गमीटर हैं। विकासकर्ता के उक्त प्रस्ताव के साथ प्रकरण को पुनः बीपीसी–बीपी की 166वीं बैठक दिनांक 21.10.2014 में प्रस्तुत किया, एजेण्डा में प्रस्तावित किया गया था कि प्रश्नगत भूखण्ड पर स्वीकृत मानक एफ.ए.आर. से अतिरिक्त एफ.ए.आर. 7369.55 वर्गमीटर के 5 प्रतिशत के हिसाब से 368.47 वर्गमीटर क्षेत्र ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी. हेतु आरक्षित किया जाना हैं। समिति द्वारा ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी. के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए बीपीसी–बीपी की 144वीं बैठक दिनांक 03.09.2013 में लिये गये निर्णयों की पूर्ति होने के पश्चात भवन मानचित्र अनुमोदित कर जारी किये जावें, का निर्णय लिया गया। उक्त क्रम में विकासकर्ता को दिनांक 13.11.2014 (111/सी) को 2,35,00,302/– रूपये का मांग पत्र जारी किया गया। मांग पत्र के क्रम में विकासकर्ता द्वारा दिनांक 11.12.2014 को संशोधित भवन मानचित्र प्रस्तुत किये गये। विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत संशोधित मानचित्रों का पुनः परीक्षण कर बीपीसी–बीपी की 173वीं बैठक दिनांक 18.05.2015 में प्रस्तुत किया गया जिसमें भवन मानचित्रों को स्वीकृत करते हुए कतिपय निर्णय लिया गया कि नीलामी की शर्त संख्या 13 के अनुसार प्रार्थी को 10 वर्ष में निर्माण किया जाना हैं। भूखण्ड का पट्टा दिनांक 26.03.2008 को जारी हुआ हैं। अतः अनुज्ञा दिनांक 25.03.2018 की जारी की जावें। विकासकर्ता को दिनांक 05.06.2015 (124/सी) को 2,34,77,794/– रूपये का मांग पत्र जारी किया गया। विकासकर्ता द्वारा दिनांक 15.07.2015 को मांग राशि जमा करवा दी गई। तत्पश्चात् दिनांक 03.08.2016 को अनुमोदित भवन मानचित्र जारी किये गये। विकासकर्ता द्वारा पुनः दिनांक 11.04.2018 को एकीकृत भवन विनियम 2017 के अनुसार संशोधित भवन मानचित्र प्रस्तुत किये गये, अतः भूखण्ड का मौका निरीक्षण किया गया। मौके पर भूखण्ड रिक्त हैं। दिनांक 04.06.2018 (नवीन पत्रावली–पैरा 48/C) को आवेदक को पत्र प्रेषित कर सूचित किया गया कि उक्त भूखण्ड	

नीलामी द्वारा क्रय किया गया है तथा लीज डीड दिनांक 26.03.2008 को जारी की गई थी। लीज डीड की शर्त संख्या 13 अनुसार क्रय किये गये भूखण्ड पर लीज डीड जारी होने की तिथि से 3 वर्ष की अवधि में निर्माण करवाये जाना होगा। यदि 10 वर्ष में निर्माण नहीं किया जाता है तो, भूखण्ड का आवंटन निरस्त माना जायेगा। दिनांक 03.08.2016 को भवन मानचित्र अनुमोदित कर जारी किये गये थे। जारी स्वीकृति पत्र अनुसार भवन अनुज्ञा दिनांक 25.03.2018 तक प्रभावी थी, जो कि समाप्त हो चुकी है। दिनांक 18.07.2018 को उपायुक्त जोन–09 से प्राप्त यू.ओ. नोट के अनुसार प्रकरण में भवन निर्माण अवधि दिनांक 15.07.2019 तक (एक वर्ष) बढ़ाई गई हैं।

विकासकर्ता द्वारा एकीकृत भवन विनियम 2017 के अन्तर्गत संशोधित भवन मानचित्र प्रस्तुत किये गये जिनमें पूर्व स्वीकृत मानचित्रों में एक तल की वृद्धि कर अधिक बी.ए.आर. प्रस्तावित किया गया हैं, किन्तु प्रस्तावित अतिरिक्त निर्माण हेतु ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी. का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं करने के कारण पत्र दिनांक 12.09.2018 द्वारा सूचित किया गया कि मानक एफ.ए.आर. (1.8) को बी.ए.आर. में परिवर्तित करने पर (1.8 X 1.5) = 2.7 बी.ए.आर. (21060.00 व.मी.) बनता हैं। मानक बी.ए.आर. से अतिरिक्त प्रस्तावित बी.ए.आर. (34739.91–21060) = 13679.91 व.मी. हेतु 5 प्रतिशत ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी. क्षेत्रफल 683.99 व.मी. बनता हैं। पूर्व में ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी. हेतु 386.04 व.मी. क्षेत्रफल स्वीकृत किया हुआ हैं। अतः आप शेष 297.95 व.मी. ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी. क्षेत्रफल हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

पत्र के क्रम में विकासकर्ता द्वारा दिनांक 25.09.2018 को ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी. का प्रस्ताव 297.95 मी. की एवज में 395.10 वर्गमीटर क्षेत्रफल हेतु मैसर्स अनुकम्पा होम्स प्रा.लि. के खसरा नम्बर 1407, 1408, 1413, 1414 पर ग्रुप हाउसिंग पार्ट–बी, ग्राम मुहाना, तहसील सांगानेर, जयपुर पर अनुमोदित योजना में प्रस्ताव दिया गया हैं। Split Location की आवासीय आरक्षित दर 9200/–रू. मी. (66/C) एवं प्रस्तावित योजना की आवासीय आरक्षित दर 18400/– रू. (43/C) हैं। प्रकरण में भवन मानचित्रों का परीक्षण किया गया तथा दिनांक 08.02.2019 को भवन मानचित्रों में पाई गई कमियों हेतु विकासकर्ता को सूचित किया गया। विकासकर्ता द्वारा दिनांक 06.03.2019 को संशोधित भवन मानचित्र की प्रति प्रस्तुत की गई जिनमें पुनः कमियां पाई गई अतः इस संबंध में पत्र दिनांक 26.03.2019 प्रेषित किया गया। विकासकर्ता द्वारा दिनांक 16.04.2019 को संशोधित मानचित्र प्रस्तुत किये गये एवं पूर्व पत्रावली का भी परीक्षण किया गया एवं यह तथ्य नोट किया गया कि प्रकरण में ऊँचाई के संबंध में नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र 5 वर्ष की अवधि हेतु जारी किया गया हैं। अतः नागरिक उड्डयन विभाग से नवीनतम अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने हेतु सूचित किया गया तथा भूखण्ड की लीजडीड की शर्त संख्या 13 के अनुसार भूखण्ड के आवंटन अथवा पुर्नग्रहण शुल्क आदि के संबंध में दिनांक 15.07.2019 को जोन में यूओ. नोट प्रेषित किया गया।

उपरोक्त तथ्यों के साथ प्रकरण बीपीसी–बीपी की 216वीं बैठक दिनांक 26.07.2019 में प्रस्तुत किया गया, समिति द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिया गयाः–

समिति द्वारा प्रकरण में विकासकर्ता द्वारा Split Locations पर प्रस्तुत ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी. के निर्माण स्थिति की जानकारी के साथ प्रकरण को आगामी बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया। विकासकर्ता द्वारा निम्नानुसार *Split Locations* पर प्रस्ताव दिये गये हैं:–

1. मैसर्स अनुकम्पा होम्स प्रा.लि. के खसरा नम्बर 1407, 1408, 1413, 1414 पर ग्रुप हाउसिंग पार्ट–बी, ग्राम मुहाना, तहसील सांगानेर, जयपुर।

2. मैसर्स रिजेन्सी बिल्ड होम एलएलपी से एल.आई.जी. के कुल 5 फ्लैट्स (202.85 व.मी.) एवं ई.डब्ल्यू.एस. के कुल 7 फ्लैट्स (183.19 व.मी.) क्रय किये गये जिनका कुल क्षेत्रफल 386.04 वर्गमीटर हैं।

उक्त निर्णय के क्रम में बिन्दु संख्या 1 व 2 के संबंध में जोन–09 एवं जोन–11 को तथा लीज एवं स्वामित्व के संबंध में दिनांक 01.08.2019 को यू.ओ. नोट प्रेषित किये गये।

उपायुक्त जोन–11 से प्राप्त रिपोर्ट दिनांक 14.08.2019 के अनुसार मैसर्स अनुकम्पा होम्स प्रा.लि. के खसरा नम्बर 1407, 1408, 1413, 1414 पर ग्रुप हाउसिंग पार्ट–बी, ग्राम मुहाना, तहसील सांगानेर, जयपुर पर भवन का स्ट्रक्चर कार्य पूर्ण हो चुका हैं। फिनिशिंग का कार्य चल रहा हैं।

उपायुक्त जोन–09 से प्राप्त रिपोर्ट दिनांक 20.08.2019 के अनुसार मैसर्स रिजेन्सी बिल्ड होम एलएलपी से एल.आई.जी. के कुल 5 फ्लैट्स (202.85 व.मी.) एवं ई.डब्ल्यू.एस. के कुल 7 फ्लैट्स (183.19 व.मी.) क्रय किये गये थे, उक्त निर्मित फ्लेटों का कब्जा जोन द्वारा प्राप्त कर लिया गया हैं तथा लीज एवं स्वामित्व की रिपोर्ट के संबंध मे अवगत करवाया गया कि भूखण्ड की निर्माण अवधि दिनांक 17.10.2019 तक बढ़ाई गई हैं तथा वर्तमान में पुर्नग्रहण शुल्क लेय नहीं हैं।

विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत संशोधित भवन मानचित्रों का तकनीकी विश्लेषण निम्नानुसार है:–

13	तकनीकी विश्लेषण		जविप्रा के स्थल मानचित्रानुसार/एकीकृत भवन विनियम 2017 एवं नीलामी की शर्तो अनुसार	आवेदक के संशोधित प्रस्तावानुसार
	1.	सैटबैक		
		सामने–I (24 मी. सड़क की ओर)	15.0 मीटर	15.0 मीटर
		सामने–II (24 मी. सड़क की ओर)	15.0 मीटर	15.0 मीटर

	पार्श्व–I	9.0 मीटर	10.61 मीटर
	पीछे	9.0 मीटर	10.61 मीटर
2.	अधिकतम आच्छादन	40 प्रतिशत एकीकृत भवन विनियम 2017 के बिन्दु संख्या (5.4.4)(ii) के अनुसार	29.86 प्रतिशत
3.	अधिकतम ऊँचाई	51 मीटर (एकीकृत भवन विनियम 2017 के अनुसार) तथा CCZM अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड RED ZONE में आ रहा हैं जिसके लिए नागरिक उड्डयन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाना हैं। विकासकर्ता को पत्र दिनांक 07.06.2019 द्वारा सूचित किया जा चुका हैं।	स्टिल्ट + 13 तल = 42.55 मीटर + 0.6 प्लिन्थ (बेसमेन्ट + स्टिल्ट + 13 तल)
4.	बी. ए. आर.	नीलामी में 1.8 (1.8 X 1.5 = 2.7 बी.ए.आर.) 21060.00 व.मी.	4.40 (34322.97 व.मी.
5.	कुल सकल निर्मित क्षेत्रफल	43348.70 व.मी.	
6.	पार्किंग	360.43 ईसीयू 271 कार + 271 स्कूटर	363.63 ईसीयू 272 कार + 274 स्कूटर
7.	ग्रीन एरिया	15 प्रतिशत खुले में (15% पोडियम + 5% खुले में)	पोडियम पर 721.15 व.मी. (9.24%) खुले में 962.65 व.मी. (12.34%) कुल 21.58%
8.	व्यावसायिक (रिटेल)	5 प्रतिशत (न्यूनतम 1 प्रतिशत या 1000 वर्गमीटर जो भी कम हो)	437.75 व.मी. (1.27 प्रतिशत)
9.	क्लब एरिया	गणना योग्य निर्मित क्षेत्र का 2 प्रतिशत या 1500 वर्गमीटर (जो भी कम हो) अधिकतम 5 प्रतिशत	1055.70 वर्ग मीटर (3.07 प्रतिशत)
10.	वर्षा जल संग्रहण	आवश्यक है।	नियमानुसार प्रस्तावित है।
11.	सौर ऊर्जा उपकरण	आवश्यक है।	नियमानुसार प्रस्तावित है।
12.	विकलांगों हेतु प्रावधान	आवश्यक है।	नियमानुसार प्रस्तावित है।
13.	उड्डयन विभाग का प्रमाण पत्र	आवश्यक है।	प्रस्तुत नहीं हैं।

14. प्रस्तावः–

उपरोक्त तालिका में उल्लेखित तकनीकी विश्लेषण अनुसार निम्न शर्तो के अध्यधीन संशोधित भवन मानचित्र अनुमोदन किये जाने योग्य हैः–

1. प्रस्तावित पार्किंग, भवन में भूकम्परोधी प्रावधानों की पालना सुनिश्चिता एवं स्ट्रक्चरल सेफ्टी के प्रावधानों की पालना सुनिश्चित किये जाने हेतु एकीकृत भवन विनियम 2017 एवं नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुसार अण्डरटेकिंग प्रस्तुत की जानी होगी।
2. अग्निशमन संबंधी आवश्यक मानदण्डों की अनुपालना सुनिश्चित किये जाने बाबत शपथ पत्र, पर्यावरण अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालना पूर्ण किये जाने तथा परियोजना के पूर्णता प्रमाण पत्र के आवेदन के साथ पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण पत्र नगरीय निकाय में जमा कराने बाबत शपथ पत्र तथा लेबर सेस लेबर डिर्पाटमेन्ट में जमा करवाकर जमा रसीद की प्रति पूर्णता प्रमाण पत्र के समय प्रस्तुत की जानी होगी।
3. भारतीय नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा दिनांक 22.10.2013 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्रानुसार के अनुसार भवन की ऊँचाई 46 मीटर अनुज्ञेय की थी। उक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र दिनांक 21.01.2018 तक वैद्य था। वर्तमान में नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा जारी C.C.Z.M. अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड RED ZONE में आ रहा हैं जिसके लिए नागरिक उड्डयन विभाग का नवीनतम अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने पर ही मानचित्र जारी किये जावेगें।

15. विचारणीय बिन्दुः–

1. वर्तमान में भूखण्ड मौके पर रिक्त है तथा विकासकर्ता द्वारा एकीकृत भवन विनियम–2017 के तहत संशोधित भवन मानचित्र प्रस्तुत किये गये है जबकि विकासकर्ता द्वारा बीपीसी–बीपी की 166वीं बैठक दिनांक 21.10.2014 में लिये गये निर्णय अनुसार स्वीकृत मानक एफ.ए.आर. से अतिरिक्त एफ.ए.आर. पर 5 प्रतिशत के हिसाब से ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी. हेतु प्रस्ताव दिया गया हैं। नीलामी के भूखण्डों पर अर्फोडेबल हाउसिंग पॉलिसी 2009 के अन्तर्गत ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी. आवास की अनिवार्यता नहीं थी, के संवंध में राज्य सरकार के आदेश दिनांक 23.05.2016 द्वारा आदेश जारी किये गये हैं कि वर्तमान में अर्फोडेबल हाउसिंग पॉलिसी के स्थान पर मुख्यमंत्री जन आवास योजना 2015 लागू की गई हैं जिसमें स्वतंत्र आवास योजना में विक्रय योग्य क्षेत्रफल का 10 प्रतिशत तथा फ्लैट निर्माण प्रस्तावित करने पर 7.5 प्रतिशत एफ.ए.आर. ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी आवास हेतु आरक्षित किये जाने का प्रावधान हैं। नीलामी द्वारा विक्रय किये गये आवासीय भूखण्डों पर

भी मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत उक्त प्रावधान लागू होगें। चूंकि विकासकर्ता द्वारा एकीकृत भवन विनियम–2017 के अनुसार आवेदन किया गया हैं एवं भूखण्ड़ भी मौके पर रिक्त हैं। अतः वर्तमान एकीकृत भवन विनियम 2017 के तहत ही प्रकरण में समस्त कार्यवाही की जानी हैं। वर्तमान नियमों के अनुसार कुल बी.ए.आर. का 5 प्रतिशत EWS/LIG हेतु आरक्षित रखा जाना प्रस्तावित हैं। अतः निर्णय अपेक्षित हैं।

2. एकीकृत भवन विनियम 2017 के प्रावधान संख्या 15.1 में निम्न अनुसार प्रावधान किया गया हैं:–"अनुज्ञा प्राप्ति के 2 वर्ष में भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ करना होगा। उक्त निर्धारित अवधि निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किये जाने पर भवन निर्माण स्वीकृति स्वतः निरस्त समझी जावेंगी। भवन निर्माण प्रारम्भ करने की अवधि अधिकतम 2 वर्ष तक निर्धारित जाँच की शुल्क की 25 प्रतिशत राशि वसूल कर बढाई जा सकेंगी। लेकिन भवन निर्माण कार्य पूर्ण करने की अवधि मूल स्वीकृति के अवधि के अनुसार यथावत रहेगी।"

विकासकर्ता द्वारा मौके पर अभी तक निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया हैं। अतः एकीकृत भवन विनियम 2017 के प्रावधान संख्या 15.1 के अनुसार प्रकरण में भवन मानचित्र निरस्त किये जाने एवं मांग पत्र दिनांक 05.06.2015 के अनुसार निम्न प्रकार जमा राशि के संबंध में निर्णय लिया जाना अपेक्षित हैं:–

1.	भवन अनुज्ञा शुल्क	रू0	19,24,524/–
2.	मलबा धरोहर राशि	रू0	10,000/–
3	अतिरिक्त एफ.ए.आर. शुल्क का 75 प्रतिशत	रू0	1,29,14,545/–
4	अमानत राशि	रू0	15,00,000/–
5	वर्षा जल संग्रहण हेतु अमानत राशि	रू0	3,00,000/–
6	शेल्टर फण्ड मय अतिरिक्त एफ.ए.आर. शुल्क का 25 प्रतिशत	रू0	46,89,753/–
7	अग्निशमन की सुविधा/सुदृढीकरण हेतु देय राशि	रू0	21,38,972/–
कुल राशि (लेने योग्य)		रू0	2,34,77,794/–

निर्णयः– *प्रस्तावित भवन मानचित्रों, एजेण्डा नोट एवं पत्रावली का समिति द्वारा अवलोकन किया गया, एजेण्डा नोट के बिन्दु संख्या 15 के विचारणीय बिन्दु संख्या 1 के संबंध में एकीकृत भवन विनियम 2017 के तहत कुल बी.ए.आर. का 5 प्रतिशत क्षेत्रफल ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी. हेतु पूर्व में प्रस्तावित के अलावा आरक्षित रखें जावेगें। विचारणीय बिन्दु संख्या 2 के संबंध में निर्णय लिया गया कि प्रकरण के संशोधित भवन मानचित्र को मानते हुए नियमानुसार 20 प्रतिशत अनुमोदन एवं जाँच शुल्क लिया जाकर शेष जमा शुल्क को वर्तमान में देय राशि में समायोजित करते हुए एजेण्डा के बिन्दु संख्या–14 के प्रस्ताव में उल्लेखित शर्तो की सुनिश्चितता किये जाने व भवन मानचित्र अवधि जोन के प्रस्ताव अनुसार दिनांक 17.10.2019 तक रखते हुए संशोधित भवन मानचित्रों का अनुमोदन किये जाने का निर्णय लिया गया।*

अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक,
भवन मानचित्र समिति (बी.पी.),
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

7. एजेण्डा नम्बर 218.7 (30.08.2019)(जोन–10):–

विषयः– खसरा नम्बर 4760/3345, 4777/3346, 4776/3345 एवं 4775/3345, ग्रुप हाउसिंग, ग्राम–खो नागोरियान, तहसील–सांगानेर, जयपुर (महिमा बेलेविस्टा) के अपार्टमेन्ट के संशोधित भवन मानचित्र अनुमोदन एवं के पूर्णता प्रमाण पत्र के संबंध में।

प्रार्थीः– श्री कपिल रायसिंघानी, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, मैसर्स महिमा रियल एस्टेट प्रा.लि.।

प्रकरण में विकासकर्ता द्वारा दिनांक 29.11.2018 को पूर्णता प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया गया। पूर्णता प्रमाण पत्र की जांच हेतु पत्रावली दिनांक 01.01.2019 को उपायुक्त जोन–10 को भिजवाई गई। गठित कमेटी द्वारा निम्नानुसार रिपोर्ट अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक, बीपीसी–बीपी दिनांक 11.06.2019 को भिजवाई गई:–

क्र.सं.	विवरण	स्वीकृत भवन मानचित्र अनुसार विवरण	मौका स्थिति निरीक्षण दिनांक
1.	भूखण्ड का क्षेत्रफल	9503.00 वर्ग मीटर	9503.00 वर्ग मीटर
2.	भवन का उपयोग	आवासीय (ग्रुप हाउसिंग)	आवासीय (ग्रुप हाउसिंग)
3.	सेटबैक विवरण (वर्गमीटर में):–		
	सामने–I	9.00 मीटर	9.00 मीटर
	पार्श्व–I	न्यूनतम 15.00 मीटर एवं अनुमोदित मानचित्रानुसार	न्यूनतम 15.00 मीटर एवं अनुमोदित मानचित्रानुसार
	पार्श्व–II	9.00 मीटर	9.00 मीटर
	पीछे	9.00 मीटर	9.00 मीटर
4.	ग्राउण्ड कवरेज	22.55 प्रतिशत	22.55 प्रतिशत
5.	भवन की ऊँचाई (मीटर में)	40.00 मीटर	40.00 मीटर
6.	पार्किंग (ईसीयू)	322 ईसीयू	326 ईसीयू
7.	बेसमेन्टों की संख्या	0	0
8.	कट आउट खुला क्षेत्र	अनुमोदित मानचित्र अनुसार	प्रस्तावित मानचित्र अनुसार
9.	स्वीकृत एफ.ए.आर.	19221.18 व.मी.	19586.01 व.मी.
10.	वर्षा के पानी की व्यवस्था	उपलब्ध हैं।	उपलब्ध हैं।
11.	अग्निशमन की संख्या	उपलब्ध हैं।	उपलब्ध हैं।
12.	सौर ऊर्जा की व्यवस्था	उपलब्ध हैं।	उपलब्ध हैं।
13.	सूचना पट्ट	लगाया गया हैं।	लगाया गया हैं।
14.	हरित क्षेत्र	963.23 व.मी.	976.85 व.मी.

उपर्युक्त तालिकानुसार मौका स्थिति रिपोर्ट प्रस्तावित मानचित्र अनुमोदन तथा भवन पूर्णता प्रमाण पत्र की अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं।

1. At site, club building plan and its internal dimension are different from approved plan. Actual club building dimension are shown in proposed plan (approved from Gov. Empanelled architect)
2. Location of electric panel room at site is different from approved plan i.e. electric panel room is constructed in place of GR-3 (Green area). Actual location is shown in proposed plan.
3. The location of STP is not same as shown in approved plan. Actual location is shown in proposed plan.
4. Green area is different from approved plan. Actual locations are shown in proposed plan.
5. Parking locations are different from approved plan. Actual locations are shown in proposed plan.

जोन से प्राप्त उपरोक्त रिपोर्ट बिन्दु संख्या–9 के अनुसार मौके पर स्वीकृत एफ.ए.आर में 364.83 व.मी का एफ.ए.आर अधिक है। समस्त तलो पर बॉलकोनी को बढ़ाकर (नियमानुसार) कमरों में शामिल किया गया है जिससे एफ.ए.आर. में वृद्वि हुई है, जो कि प्रावधानों के अन्तर्गत हैं। अतिरिक्त एफ.ए.आर. 364.83 व.मी. के एवज में नियमानुसार पार्किंग उपलब्ध करवाई गई हैं।

विकासकर्ता की प्रश्नगत योजना खसरा नम्बर 4760/3345, 4777/3346, 4776/3345 एवं 4775/3345, ग्रुप हाउसिंग की एवज में खसरा नम्बर 63/1, मानपुर गेट, तहसील फागी, जयपुर पर ई.डब्ल्यू.एस/एल.आई.जी. फ्लैट्स प्रस्तावित किये गये थे जिसका निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात विकासकर्ता के द्वारा पूर्णता प्रमाण प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु निवेदन के क्रम में बीपीसी बीपी की 214वी बैठक दिनांक 14.06.2019 में पूर्णता प्रमाण प्रमाण पत्र जारी किये जाने का निर्णय लिया जा चुका है। विकासकर्त्ता द्वारा प्रस्तुत संशोधित भवन मानचित्रों का विश्लेषण निम्नानुसार है:–

तकनीकी विश्लेषण		भवन विनियम 2010 के अनुसार	बीपीसी–बीपी की 164वीं बैठक दिनांक 12.09.2014 के अनुसार	आवेदक के प्रस्तावानुसार
1.	सैटबैक			
	सामने–I	15.00 मी.	15.0 मी.	15.0 मीटर
	पार्श्व–I	9.0 मी.	11.67 मी.	9.42 मीटर
	पार्श्व–II	9.0 मी.	10.80 मी. से 11.97 मी.	11.97 मी. से 12.50 मीटर
	पीछे	9.0 मी.	9.42 मी.	11.0 मीटर

S2

2.	अधिकतम आच्छादन	35 प्रतिशत	22.55 प्रतिशत	22.55 प्रतिशत
3.	अधिकतम ऊँचाई	87 मीटर	40 मी.	40 मी.
4.	एफ. ए. आर.	मानक 1.33 + 0.5 = 1.83 अधिकतम बेटरमेन्ट लेवी सहित 2.25 + 1.5 = 3.75	2.022 (19221.18 व.मी.)	2.061 (19586.01 व.मी.)
5	पार्किंग	322 ईसीयू 260 कार + 186 दुपहिया वाहन		327 ईसीयू 245 कार + 245 दुपहिया वाहन
6	व्यावसायिक (रिटेल)	—	—	—
7	ब्लाक एरिया	एफएआर का 5 प्रतिशत	609.72 वगमी. (3.17%)	421.09 वगमी. (2.14%)
8	ग्रीन एरिया	पोडियम 10.00% खुले में 5.00%	खुले में 963.23 व.मी. (10.13%)	खुले में 976.85 व.मी. (10.27%)
9.	ई.डब्ल्यू.एस. /एल.आई.जी.	एफएआर का 5 प्रतिशत	30 ई.डब्ल्यू.एस. 21 एल.आई.जी.	अतिरिक्त एफ.ए.आर. क्षेत्रफल 364.83 X 0.075 = 27.36 व.मी. क्षेत्र पर ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी. यूनिट विकासकर्ता से लिया जाना हैं।

